मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट मई के अंत तक आयेगा

कॉपियों के मूल्यांकन को लेकर बनाये गये हैं 66 केंद्र

प्रमुख संवाददाता, रांची

राज्य में मैट्रिक व इंटर की कॉपियों की जांच रविवार से शुरू होगी. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मूल्यांकन की तैयारी पूरी कर ली है. मूल्यांकन को लेकर राज्य के 19 जिलों में 66 केंद्र बनाये गये हैं. मैट्रिक की कॉपियों की जांच के लिए 35 व इंटर के लिए 31 केंद्र बनाये गये हैं. परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे. रिजल्ट मई के अंत तक जारी करने की तैयारी है. मैट्रिक व इंटरमीडिएट साइंस का रिजल्ट पहले जारी किया जायेगा. इसके बाद इंटर कला व वाणिज्य संकाय का रिजल्ट जारी होगा. रिजल्ट 21 मई के बाद जारी होगा. मूल्यांकन को लेकर सभी मूल्यांकन केंद्र निदेशक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं. ब्लैक लिस्टेड शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षकों का योगदान मूल्यांकन कार्य में नहीं लेने को कहा गया है. शिक्षक की जिस विषय में नियुक्ति हुई है, उसी विषय की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन करेंगे. इसे सभी मूल्यांकन केंद्र निदेशक को सुनिश्चित करने को कहा गया है.